समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 19 September 2026

# CWG 2026 Day 9: नीरज चोपड़ा पर रहेगी नजरें, बॉक्सिंग से लेकर एथलेटिक्स तक आज मेडल की उम्मीद

Sanket Morankar
Published on 31 Jul 2026

commonwealth games
GLASGOW 2026

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का नौवां दिन भारतीय खिलाड़ियों के लिए बेहद अहम रहने वाला है। प्रतियोगिता अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और भारत के कई खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में पदक जीतने की दावेदारी पेश करेंगे। एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जुडो, लॉन बॉल्स और ट्रैक साइक्लिंग में भारत के कई मुकाबले तय हैं। सबसे ज्यादा नजरें स्टार जैवलिन थ्रोअर **नीरज चोपड़ा** के फाइनल मुकाबले पर रहेंगी, जहां उनसे एक और स्वर्ण पदक की उम्मीद की जा रही है।

### नीरज चोपड़ा सहित तीन भारतीय जैवलिन थ्रो फाइनल में

पुरुषों के जैवलिन थ्रो फाइनल में भारत के तीन खिलाड़ी **नीरज चोपड़ा, रोहित यादव और यशवीर सिंह** मैदान में उतरेंगे। यह मुकाबला 1 अगस्त की रात **12:45 बजे** खेला जाएगा। क्वालिफिकेशन राउंड में तीनों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। भारतीय प्रशंसकों को उम्मीद है कि नीरज एक बार फिर देश को स्वर्ण पदक दिलाने में सफल होंगे।

भारतीय ऑलराउंडर **तेजस्विन शंकर** पूरे दिन डेकाथलॉन की विभिन्न स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। उनका कार्यक्रम इस प्रकार है—

- **दोपहर 2:35 बजे** – 110 मीटर हर्डल्स
- **दोपहर 3:20 बजे** – डिस्कस थ्रो
- **शाम 5:00 बजे** – पोल वॉल्ट
- **रात 11:30 बजे** – जैवलिन थ्रो
- **रात 1:05 बजे (1 अगस्त)** – 1500 मीटर दौड़

इन मुकाबलों में उनका प्रदर्शन भारत की पदक संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

**मिक्स्ड 4×400 मीटर रिले मे भंारत की चुनौती**

शाम **4:05 बजे** मिक्स्ड 4×400 मीटर रिले के पहले दौर में भारतीय टीम मैदान पर उतरेगी। टीम में **विशाल टीके, राजेश रमेश, रशदीप कौर, अंसा बाबू और नीरू पाठक** शामिल हैं। टीम की कोशिश फाइनल में जगह बनाने की होगी।

**400 मीटर हर्डल्स फाइनल मे भंी भारत की उम्मीद**

1 अगस्त की रात **1:30 बजे** पुरुषों की 400 मीटर हर्डल्स फाइनल में **यशस पलाक्ष** और **संतोष कुमार तमिलरासन** भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों खिलाड़ी पदक की दौड़ में मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं।

भारतीय मुक्केबाजों के लिए भी शुक्रवार का दिन बेहद व्यस्त रहेगा। कई भारतीय खिलाड़ी सेमीफाइनल में उतरेंगे और फाइनल का टिकट हासिल करने की कोशिश करेंगे।

**भारतीय बॉक्सरों के मुकाबले :**

- **3:15 बजे** – प्रीति पवार बनाम कैथरीन मवापे (महिला 54 किग्रा)
- **4:30 बजे** – अंकुश पंघाल बनाम जोशुआ ओफोरी (पुरुष 80 किग्रा)
- **7:15 बजे** – जैस्मिन लंबोरिया बनाम रापेलैंग मासेलेला (महिला 57 किग्रा)
- **7:30 बजे** – अरुंधति चौधरी बनाम रोसी एकल्स (महिला 70 किग्रा)
- **8:15 बजे** – जादुमणि सिंह बनाम फिलिप हाओसेब (पुरुष 55 किग्रा)
- **11:30 बजे** – साक्षी चौधरी बनाम एंबर-जेन वॉल (महिला 51 किग्रा)
- **12:15 बजे** – प्रिया घनघस बनाम लुसी किंग्स-व्हीटली (महिला 60 किग्रा)
- **12:45 बजे** – लवलिना बोरगोहेन बनाम तरोना ताफाकी (महिला 75 किग्रा)
- **1:00 बजे** – सचिन सिवाच बनाम ओवेन हैरिस-एलन (पुरुष 60 किग्रा)
- **1:30 बजे** – नरेंद्र बरवाल बनाम नाइजेल पॉल (पुरुष +90 किग्रा)

इन मुकाबलों में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ी फाइनल में प्रवेश करेंगे।

दोपहर **3:30 बजे** से जुडो की विभिन्न स्पर्धाएं शुरू होंगी। भारतीय खिलाड़ियों के मुकाबले इस प्रकार हैं—

- **हर्ष सिंह** – पुरुष 60 किग्रा (राउंड ऑफ 16)
- **श्रद्धा चोपड़े** – महिला 52 किग्रा (राउंड ऑफ 16)
- **रोहित मजगुल** – पुरुष 66 किग्रा (राउंड ऑफ 16)
- **अस्मिता डे** – महिला 48 किग्रा (क्वार्टर फाइनल)
- **यामिनी मौर्य** – महिला 57 किग्रा (क्वार्टर फाइनल)

क्वालिफिकेशन में सफलता मिलने पर भारतीय खिलाड़ी रात **8:30 बजे** के बाद होने वाले मेडल मुकाबलों में भी उतरेंगे।

भारतीय लॉन बॉल्स टीम भी शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण मुकाबले खेलेगी।

- **शाम 5:15 बजे** – पुरुष पेयर्स मुकाबला (भारत बनाम फॉकलैंड द्वीप समूह)
- **रात 10:20 बजे** – महिला सिंगल्स (नयनमोनी सैकिया बनाम मिल्ड्रेड मकांडाविरे)

भारतीय साइक्लिस्ट भी कई स्पर्धाओं में भाग लेंगे।

- **4:59 बजे** – 4000 मीटर इंडिविजुअल पर्स्यूट क्वालिफिकेशन
- **8:30 बजे** – कीरिन पहला राउंड
- **9:17 बजे** – कीरिन रेपेचेज

- **10:46 बजे** – ब्रॉन्ज मेडल फाइनल
- **10:53 बजे** – गोल्ड मेडल फाइनल
- **11:43 एवं 11:48 बजे** – कीरिन फाइनल
- **11:53 बजे** – एलिमिनेशन रेस फाइनल

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के नौवें दिन भारत के लिए कई बड़े मुकाबले होने वाले हैं। नीरज चोपड़ा के जैवलिन थ्रो फाइनल के अलावा बॉक्सिंग, एथलेटिक्स और जुडो में भी भारतीय खिलाड़ियों से पदक की उम्मीद है। यदि खिलाड़ी अपने प्रदर्शन को बरकरार रखते हैं तो भारत की पदक तालिका में और मजबूती आने की पूरी संभावना है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.